# कार्यालय : वन प्रमण्डल पदाधिकारी, पोड़ाहाट वन प्रमण्डल, चाईबासा।

*Tele + fax:- 06582-259704; E-mail:dfoporahat@rediffmail.com & dfo-porahat@gov.in*

जहाँ है हरियाली ।
वहाँ है खुशहाली ॥

पत्रांक 197 / चाईबासा, दिनांक 17-02-2020 /

सेवा में,

कार्यपालक अभियन्ता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमण्डल, मनोहरपुर।

विषय :– सोनुवा–पनसुवा–लोढ़ाई–गुदड़ी पथ के कि.मी. 0.00 से 41.56 कि.मी. तक चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण कार्य के लिए प्रस्तावित 18.37 हे० वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सारण्डा वन प्रमण्डल, चाईबासा का पत्रांक–382, दिनांक–15.02.2020

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि सोनुवा–पनसुवा–लोढ़ाई–गुदड़ी पथ के किलोमीटर 0.00 से 41.56 कि०मी० तक निर्माण/मजबुतीकरण/चौड़ीकरण कार्य के लिए प्रस्तावित 18.37 हे० वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव Online उच्च स्तर से इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। 18.37 हे० अपयोजित होने वाली वन भूमि के बदले में प्रस्तावित क्षतिपूरक वनरोपण हेतु गैर वनभूमि सारण्डा वन प्रमण्डल, चाईबासा अन्तर्गत ग्राम–कासियापेचा में उपलब्ध कराने की सूचना दी गई है। इस कार्यालय के पत्रांक–82, दिनांक–18.01.2020 एवं 169, दिनांक–10.02.2020 द्वारा ग्राम–कासियापेचा में प्रस्तावित गैर वनभूमि के संबंध में Suitability Certificate उपलब्ध कराने का अनुरोध वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सारण्डा वन प्रमण्डल, चाईबासा से किया गया। वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सारण्डा वन प्रमण्डल ने अपने पत्रांक–382, दिनांक–15.02.2020 द्वारा संसूचित किया है कि प्रस्तावित गैर वनभूमि का kml file, नक्शा, अतिक्रमण/दावा के संबंध में एवं Vegitation के संबंध में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई है (छाया प्रति संलग्न)।

अनुरोध है कि वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सारण्डा वन प्रमण्डल, चाईबासा को प्रस्तावित गैर वनभूमि का kml file, Geo-reference नक्शा, अतिक्रमण/दावा मुक्त होने संबंधी प्रतिवेदन तथा Rcc स्तम्भों से घेरान के संबंध में प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाय ताकि उनसे Suitability Certificate प्राप्त कर प्रस्ताव हो अग्रेतर कार्रवाई हेतु Online किया जा सके।

आपका विश्वासी,

17-2-2020

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
पोड़ाहाट वन प्रमण्डल, चाईबासा।

झारखण्ड सरकार

# कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सारण्डा वन प्रमण्डल, चाईबासा।

वन भवन, चाईबासा, पश्चिमी सिंहभूम, झारखण्ड–833201

Ph. 06582-256366, Mob. – 8987790364, E-mail:- sarandadfo@gmail.com, dfosaranda@jharkhandmail.gov.in

जहाँ है हरियाली । वहाँ है खुशहाली ॥

पत्रांक :– MIN/Gua-Salai Road/19/2019 382 दिनांकः– 15/02/2020

सेवा में,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
पोड़ाहाट वन प्रमण्डल, चाईबासा।

विषय :– सोनुवा–पनसुवा– लोढ़ाई– गुदड़ी पथ के कि0मी0 0.00 से 41.56 कि0मी0 तक चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए प्रस्तावित 18.37 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंगः– आपका पत्रांक 82 दिनांक 18.01.2020 एवं पत्रांक 169 दिनांक 10.02.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों के संदर्भ में कहना है कि सोनुवा–पनसुवा– लोढ़ाई– गुदड़ी पथ के कि0मी0 0.00 से 41.56 कि0मी0 तक चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए प्रस्तावित 18.37 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में प्रयोक्ता अभिकरण के द्वारा प्रस्तावित CA land का न तो नक्शा प्राप्त है न ही kml file प्राप्त है, जिस कारण से उक्त CA land में न कोई अतिकमण और उसमें कितना vegitation है या किसी का दावा है संबंधी कोई भी जानकारी प्राप्त करना संभव नहीं हो पा रहा है। जिस कारण से CA land की उपयुक्ता एवं CA scheme की जानकारी देना संभव नही है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आपका विश्वासी,

(हस्ताक्षर)

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
सारण्डा वन प्रमण्डल,चाईबासा।

431
17-02-20